पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) से (ग). देश में अतिरिक्त शोधन क्षमता और इसके स्थान के प्रश्न का अध्ययन करने के लिये अप्रैल 1969 में विशेषज्ञों की एक समिति नियुक्ति की गई थी। इस समिति ने उत्तर पश्चिम क्षेत्र में एक परिष्करणशाला स्थापित करने की सिफारिश की थी। भारतीय तेल निगम को इस परिष्करणशाला के लिए संभाव्य रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया था जिसमें तकनीकी-आर्थिक पहलु से विभिन्न सभव स्थानों की लाभ एवं हानियों का भी उल्लेख हो। रिपोर्ट 1 जून, 1971 को ही प्राप्त हुई है और इस पर विचार किया जा रहा है। स्थान के बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

जामनगर में आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान

5263. **श्री महादीपक सिंह** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जामनगर में स्थापित किये गये अनुसन्धान संस्थान में अब तक किन रोगों पर अनुसन्धान किया गया है और गत वर्ष कौन कौनसी विशेष औषधियों का अविष्कार किया गया था और इस सम्बन्ध में सरकार को कहां तक सफलता मिली है ; और

(ख) यदि सफलता मिली है तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं और यदि नहीं, तो इस दिशा में सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय) : (क) और (ख). गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जामनगर के स्नातकोत्तर अनुसंधान विभाग में निम्नलिखित रोगों पर अनुसंधान किया गया है।

(1) पाण्डुरोग एवं सम्बद्ध रोग

(2) ग्रहणी रोग, अग्निमान्दय, अतिसार प्रवाहिका, अम्लपित्त

(3) जालोदर और सम्बद्ध रोग

(4) आयवात सन्धिवात, क्रोष्टुक-शीर्ष

(5) श्वास रोग

(6) कृषि रोग

भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी की केन्द्रीय अनुसंधान परिषद के अधीन देश के अलग-अलग भागों में स्थित विभिन्न अनुसंधान यूनिटों द्वारा अध्ययन किये गये 58 पौधों में से 18 पौधों के उत्साहवर्धक परिणाम निकले हैं और उनमें 8 पौधों पर किया जा रहा अनुसंधान कार्य काफी आगे बढ़ चुका है। इस समय एकल औषधियों पर ही अनुसंधान किया जा रहा है। भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी की केन्द्रीय अनुसन्धान परिषद के अधीन परिवार नियोजन अनुसन्धान के विभिन्न एककों द्वारा 9 औषधियों/नुस्खों का भी अध्ययन किया जा रहा है।

गत वर्ष किसी विशेष औषधि का आविष्कार नहीं किया गया।

Gas and Oil produced in Gujarat

5264. SHRI D. D. DESAI : Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state :

(a) the quantities of gas and oil produced in Gujarat by Oil and Natural Gas Commission ;

(b) the quantities of gas and oil from Gujarat oil fields sold by Oil and Natural Gas Commission ; and

(c) the quantities of gas and oil not put to use but burnt away by Oil and Natural Gas Commission in Gujarat ?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI P. C. SETHI) : (a) to (c). During 1970-71 34,67,183 tonnes of crude oil were produced in Gujarat of which 34,50,224 tonnes were sold. The balance remained in the tanks pending sale. No crude oil was burnt away.

During the same period, 466.323 million cubic metres of Natural Gas were produced